तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 30 मई 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

3 खारीबहार में 17 टन अवैध उर्वरक जब्त



## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ता पद के लिए 10 जून तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सिंघनपुर तालावपारा ग्राम पंचायत नहरपाली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त एक पद की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदिका 10 जून तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकती है।

### 26 जुलाई की लिखित परीक्षा स्थगित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली लिखित प्रवेश परीक्षा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में संस्था इम्पैनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने के कारण शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकेगी। यह परीक्षा 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जानी थी।

### खरसिया आईटीआई में 15 तक ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग ने प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय चरण की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया में विभिन्न ट्रेडों की रिक्त सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। संस्था में विद्युतकार के 20, फिटर के 20, सेविंग टेक्नोलॉजी के 20, वेल्डर के 40 तथा कोपा ट्रेड में 48 सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 15 जून 2026 रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### किरोड़ीमलनगर में 1 और 4 को शराब दुकान बंद

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के विजयनगर पूर्व वार्ड क्रमांक 06 में होने वाले मतदान एवं मतगणना को देखते हुए संबंधित क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार वार्ड क्रमांक 06 में 1 जून को मतदान तथा 4 जून गुरुवार को मतगणना संपन्न होगी। इसके मद्देनजर क्षेत्र स्थित देशी मदिरा दुकान कोकड़ीतराई एवं विदेशी मदिरा दुकान कोकड़ीतराई को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के तहत 30 मई की शाम 5 बजे से 1 जून 2026 को मतदान समाप्ति तक संबंधित मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। वहीं मतगणना दिवस 4 जून को भी दोनों दुकानों को बंद रखा जाएगा।

### आंबा सहायिका पद के अंतिम योग्यता सूची जारी

**रायगढ़।** कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति प्रक्रिया के अंतर्गत अनंतिम योग्यता सूची जारी कर दी गई है। परियोजना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जैमुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के एक रिक्त पद की पूर्ति हेतु 02 से 17 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त सभी आवेदनों का शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण एवं मूल्यांकन किया गयाए जिसके उपरांत अनंतिम योग्यता सूची तैयार की गई है।

### आईटीआई लोईंग में प्रवेश के लिए आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई लोईंग, महापल्ली में सत्र जून 2026 हेतु व्यवसाय स्टेनोग्राफर हिंदी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्था द्वारा जारी सूचना के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित समयावधि में संचालनालय के आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## लाखों का नुकसान, रातभर बिजली बहाल करने डटी रही सात टीम

# आंधी का कहर : आधे घंटे में, 60 से ज्यादा गिरे खंभे, 24 घंटे बिजली ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





गुरुवार की शाम अचानक आई आधे घंटे की आंधी ने पूरे शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को 24 घंटे के लिए बाधित कर दिया। इस आंधी की वजह से करीब 60 से अधिक बिजली खंभे उखड़ गए तो वही कुछ फीडरों और सब स्टेशनों में भी तकनीकी खराबी आने की वजह से फिल्टर प्लांट भी बंद हो गया, ऐसे में शहर के कई इलाकों में शुक्रवार की सुबह जलापूर्ति भी नहीं हो सकी। जिसकी वजह से रातभर तो लोग परेशान हुए जी शुभ भी पानी के लिए हाहाकार मच गया।

गौरतलब है कि गुरुवार की शाम को एकाएक मौसम बदलने के बाद तेज आंधी आईए जिसकी वजह से कई जगहों पर बिजली के खंभे गिर गए और पेड़ों की मोटी टहनियाँ तारों पर गिर गई। जिससे कई जगहों के तार टूट गए। सबसे अधिक पुलिस लाइन में 15 बिजली खंभे एक साथ टूट कर गिर गए। केवड़ाबाड़ी छात्रावास में भी पेड़ गिरने की वजह से तार टूट गया। तेज आंधी के कारण महात्मा गांधी रोड में तार के ऊपर एक शेड गिर गया। ऐसे में इन दोनों जगहों पर बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाघित रही। काफी मशक्कत के बाद इन दोनों जगहों पर शुक्रवार की देर शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। इसके अलावा बाघ तालाब स्थित फिल्टर प्लांट भी तार टूटने की वजह से रात भर बिजली नहीं पहुंच सकी। ऐसे स्थिति में पानी के टैंक खाली रह गए और शुक्रवार की सुबह कई इलाकों को पानी ही नसीब नहीं हो सका। गुरुवार को आई तेज आंधी के बाद से करीब 125 जगहों से बिजली आपूर्ति ठप होने की शिकायतें बिजली विभाग को मिली। शहर के भीतर ही इस आंधी की वजह से करीब 2 दर्जन से अधिक इलाकों ने तार टूटने शिकायतें मिली। वहीं करीब इतनी ही जगहों पर बिजली के खम्भों को भी नुकसान पहुंचा। इसके साथ ही करीब 9 सब स्टेशन बंद रहेए जिसके कारण कई इलाकों में रात भर बिजली नहीं पहुंच सकी। आधे घंटे की आंधी के कारण विद्युत विभाग का पूरा अमला शुक्रवार की शाम कर सुधार कार्य में लगा रहा।

### बिजली आई नहीं और सुधार होने का मिला मैसेज

इतवारी बाजार क्षेत्र में गुरुवार की शाम से बिजली गुम थी, ऐसे में कुछ लोग विद्युत विभाग इस बात को लेकर शिकायत करने पहुंचे कि जब उन्होंने ऑनलाइन शिकायत की और शुक्रवार दोपहर तक बिजली नहीं आई है तो ऐसे में उन्हें विभागीय वेबसाइट से बिजली आपूर्ति बहाल होने का मैसेज मिल रहा है। इसके अलावा शिकायत के लिए दिए गए लैंडलाइन नंबर पर कॉल रिसीव नहीं करने को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोग गुरुवार की मध्य रात्रि को भी बिजली आपूर्ति बंद होने को लेकर विद्युत विभाग पहुंचेए लेकिन उन्हें शिकायत शाखा में कोई नहीं मिला।

### पूर्वांचल क्षेत्र में 35 खंभे क्षतिग्रस्त

विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहर में 25 खंभे और पूर्वांचल क्षेत्र के संबलपुरीए लोइंग, बेलरिया, पंडरीपानी, महापल्ली आदि ग्रामीण क्षेत्रों में 35 से अधिक बिजली खंभे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। गुरुवार की शाम को आई तेज आंधी से विद्युत विभाग को करीब 10 से 20 लाख रुपए तक का नुकसान होने आंकलन है। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कुल 9 दलों को तैनात किया गया था। बताया जा रहा है कि कुछ इलाकों में शुक्रवार की दोपहर तक बिजली नहीं पहुंच सकी थी। ऐसे में परेशान लोग विद्युत विभाग के चक्कर काटते नजर आए।

### इन क्षेत्रों में ज्यादा हुई परेशानी

वैसे तो गुरुवार को आई तेज आंधी के कारण सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही लेकिनए विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोतरा रोड, केवड़ाबाड़ी, इंदिरा नगर, ढिमरापुर, रेलवे बंगला पारा, नवागढ़ी, चांदमारी, राजीव नगर, बड़े रामपुर आदि क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्र काफी ज्यादा प्रभावित हुए। बताया जा रहा ही कि केवड़ाबाड़ी में पेड़ गिर गयाए भुजबंधान तालाब क्षेत्र में 2 खंभा और ढिमरापुर क्षेत्र में 1 खंभा क्षतिग्रस्त हो गया।

### नशीले इंजेक्शन सप्लायर गिरफ्तार, युवाओं को बना रहा था निशाना

**रायगढ़।** पुलिस ने नशीले इंजेक्शन के अवैध कारोबार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने खरसिया निवासी सुनील श्रीवास उर्फ सुनील ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पर युवाओं और नाबालिगों तक नशीले बुट्रम इंजेक्शन पहुंचाने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक 26 मई को साइबर थाना और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि रामलीला मैदान के पास कुछ युवक नाबालिग लड़कों और युवाओं को बुट्रम इंजेक्शन लगाकर नशा करा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ युवक फरार हो गएए जबकि सूरज पंडित और विमल केरकेट्टा को मौके से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान सूरज पंडित के कब्जे से 24 नग बुट्रम इंजेक्शन, दो सिरिंज, 7 हजार 370 रुपए नकद और एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे खरसिया निवासी सरोज यादव से नशीले इंजेक्शन खरीदकर युवकों और नाबालिगों को बेचते थे। पुलिस ने सरोज यादव को भी गिरफ्तार कर लिया था।


## रेलवे स्टेशन पर मासूम से हो रही थी बेरहमी, कोतवाली पुलिस बनी सहारा



**रायगढ़।** रेलवे स्टेशन के बाहर डेढ़ माह के मासूम बच्चे के साथ हो रही बेरहमी की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे की जान बचाई। पुलिस ने न केवल बच्चे को महिला के चंगुल से सुरक्षित निकाला, बल्कि उसके उपचार से लेकर बाल कल्याण समिति को सौंपने तक पूरी जिम्मेदारी निभाई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 19 मई की शाम रेलवे स्टेशन के बाहर एक महिला अपने साथ मौजूद मासूम बच्चे को लगातार पीट रही थी। बच्चे की चीख.पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग उसे बचाने पहुंचे, लेकिन महिला किसी की बात मानने को तैयार नहीं थी। इसके बाद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची तथा बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। महिला ने पूछताछ में बच्चे को खरसिया से ट्रेन में लेकर आने की बात कही, लेकिन उसके व्यवहार और जवाबों से पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। पुलिस ने तत्काल बच्चे को उपचार के लिए केजीएच अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला आरक्षक अनिता बेक ने उसकी देखभाल कर उसे मातृ शिशु वार्ड में भर्ती कराया। इधर थाने में पूछताछ के दौरान महिला लगातार असंगत बातें करती रही, जिससे उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं होने का अंदेशा हुआ। पुलिस ने उसे सखी सेंटर में सुरक्षित रखवाया और उसके परिजनों की तलाश शुरू की। जांच में पता चला कि महिला इंदिरा नगर क्षेत्र की रहने वाली है। बाद में उसके पति को थाने बुलाया गया, जिसने बताया कि उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति समय.समय पर बिगड़ जाती है। उसने बच्चे को अपना पुत्र बताया। थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल के निर्देशन में पुलिस ने बच्चे के उपचार और सुरक्षा को प्राथमिकता दी। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां माता.पिता और परिवारजनों की काउंसलिंग की गई। समिति ने फिलहाल बच्चे को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया है।

## व्याख्याता पर अभद्रता का आरोप, डिग्री कॉलेज के छात्रों का प्राचार्य कक्ष में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





डिग्री कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा के दौरान कुछ छात्रों से एक अतिथि व्याख्याता के द्वारा अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने हंगामा किया और प्राचार्य से इसकी शिकायत की। जिसके बाद संबंधित व्याख्याता ने लिखित में प्राचार्य के समक्ष माफी नामा भी लिखा।

जानकारी के अनुसार शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय ने कुछ विषयों की सिर्फ़ प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया था। जिसके नंबर अंकसूची में जोड़े जाएंगे। इसी कड़ी में चौथे सेमेस्टर के कुछ छात्र अपनी प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका जमा करने व्याख्याता के पास पहुंचे, इसी बीच किसी बात को लेकर छात्र और संबंधित व्याख्याता के बीच बहस हो गई। जिसके बाद छात्रों ने व्याख्याता पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए प्राचार्य के पास पहुंच गए। यहां करीब आधे घंटे तक यह हंगामा चलता रहा। ऐसे में वहां मौजूद छात्रों ने प्राचार्य कक्ष में भी जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ते देख संबंधित व्याख्याता भी वहां पहुंचे और उन्होंने लिखित में प्राचार्य के समक्ष माफी नामा भी लिखा। इस दौरान एबीवीपी और एनएसयूआई दोनों ही छात्र संगठनों के सदस्य प्राचार्य कक्ष में हंगामा करते नजर आए। इस संबंध में डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सोफिया अम्ब्रेला ने कहा कि व्याख्याता और छात्रों के बीच प्रायोगिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी और व्याख्याता ने उन्हें डांट फटकार लगाई थी, जिस पर वे नाराज हो गए। हालांकि व्याख्याता ने माफी मांगते हुए ऐसा भविष्य में भी होने की बात कही।

### वाटर फिल्टर रख के किया प्रदर्शन

इसके साथ ही छात्रों ने बताया कि कॉलेज में 5 वाटर फिल्टर लगाए गए हैं, जिसमें से सिर्फ एक ही चला रहा है। उन्हें पीने के लिए साफ पानी तक नहीं नहीं मिल पा रहा है। कई बार वाटर फिल्टर की मरम्मत कराने की मांग करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी बात को लेकर विरोध करते हुए छात्रों ने खराब पड़े वाटर फिल्टर को प्राचार्य कक्ष के सामने रखकर अपना विरोध जताया।

## नकदी, जेवर नहीं बल्कि चोर ले भागे विदेशी कबूतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चोरी का एक अलग ही मामला सामने आया है जहां चोरों ने नकदी या जेवर नहीं बल्कि घर में पाले गए महंगे नस्ल के कबूतरों पर हाथ साफ कर दिया। जूटमिल थाना क्षेत्र के मौदहापारा इलाके से मसकली और पंजाबी नस्ल के 14 कबूतर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई है।

इस संबंध में मौदहापारा निवासी शेख अंसार ने पुलिस को बताया कि वे पिछले दो साल से अपने घर में खास नस्ल के कबूतर पाल रहे थे। उनके बेटे अलग.अलग जगहों से इन कबूतरों को लाए थे। परिवार इन कबूतरों की देखभाल बड़े शौक से करता था। चोरी हुए कबूतरों में कुछ अंडे भी शामिल बताए गए हैं। पीड़ित के अनुसार 24 मई को कुछ युवक कबूतर खरीदने के बहाने उनके घर पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने कबूतर बेचने से साफ मना कर दिया था। इसके बावजूद शाम को वही युवक दोबारा घर आए और काफी देर तक कबूतरों को रखने की जगह और आसपास का जायजा लेते रहे। अगली सुबह जब परिवार उठा तो कबूतर गायब मिले। जिसके बाद परिवार के सदस्यों ने आसपास काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जानकारी जुटाने पर पता चला कि कबूतर खरीदने आए युवक कोतरा रोड क्षेत्र के रहने वाले थे। इसके बाद पीड़ित ने उन्हीं युवकों पर चोरी का शक जताते हुए जूटमिल थाने में लिखित शिकायत दी है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इलाके में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई हैए क्योंकि आमतौर पर चोरी के मामलों में नकदी और सामान निशाने पर रहते हैं, लेकिन इस बार चोर महंगे नस्ल के कबूतर लेकर फरार हो गए। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब देखने वाली बात यह है कि इस अनोखे चोरी के मामले में आरोपी कब तक पुलिस के हत्थे चढ़ते हैं।

## विवाहिता ने पति पर प्रताड़ना और धर्म बदलने दबाव बनाने का लगाया आरोप

**रायगढ़।** एक विवाहिता ने अपने पति पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक रीति रिवाज अपनाने के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने महिला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है और अपनी सुरक्षा की मांग भी की है। जानकारी के अनुसार पीड़िता मूल रूप से कोरबा जिले की रहने वाली बताई जा रही है। उसका आरोप है कि जोगीडीपा निवासी वसीम मोहम्मद ने खुद को तलाकशुदा बताकर उससे नजदीकियां बढ़ाईं और बाद में वर्ष 2021 में मुस्लिम रीति.रिवाज से विवाह कर लिया। शादी के बाद महिला को पता चला कि वसीम पहले से शादीशुदा है और उसके पांच बच्चे भी हैं। महिला का कहना है कि पति ने पहली पत्नी को तलाक नहीं दिया था और यह बात उससे छिपाई गई। महिला के अनुसार शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बच्चे के जन्म के बाद पति का व्यवहार बदल गया। उसने नमाज पढ़ने, कलमा पढ़ने और रोजा रखने के लिए लगातार दबाव बनाना शुरू कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और कई बार उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि पति बेटे से पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगवाता था।

### जाति, निवास और अन्य प्रमाण पत्र के नाम पर था तहसील में अटैच, बढ़ी लालच तो पहुंचा जेल

# शिक्षा विभाग का गजब खेला: गुरुजी को बना दिया तहसील का बाबू, अब रिश्वत लेने के चक्कर में पहुंच गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अलग खबर

रायगढ़। शिक्षा विभाग में अटैचमेंट का गजब खेल चल रहा है। यहां जो हो जाए कम है। हद तो तब हो गई जब एक गुरुजी को तहसील का बाबू बना दिया गया। तहसील में अटैच होने के बाद गुरुजी में लालच की लत ऐसी लगी की रिश्वत की डिमांड खुलेआम करने लगा। इसी रिश्वत लेने के चक्कर में अब वह जेल पहुंच गया । यह शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मनमानी और अटैचमेंट के खेल का ही नतीजा है। शुक्रवार को तुलाराम पटेल को एसीबी ने 60 हजार रिश्वत लेते पकड़ लिया है। ऐसे में अब वह जेल की हवा खाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिले में ऐसी मनमानी चल रही है कि जो शिक्षक जहां चाहे वहां अटैच करा सकता है। ऐसे ही शुक्रवार को जो मामला सामने आया है उसने शिक्षा विभाग के पूरे सिस्टम को हिला दिया है। एक शिक्षक को अटैचमेंट के नाम पर तहसील का बाबू बना दिया गया था। वह बाबू पैसे की लालच में आज जेल पहुंच गया है। दरअसल धरमजयगढ़ बीईओ की ओर से बीते 28 जुलाई 2025 को एक आदेश जारी किया गया था। उसमें कुम्हीचुंवा प्राइमरी स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी तुलाराम पटेल को प्राइमरी स्कूल पुसल्दा में अटैच किया गया था। इसमें आर्डर में अध्यापन कार्य के साथ ही साथ जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र का नोडल कार्य करने के लिए आदेशित किया गया था। जानकारी मिली है कि जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनाने के चक्कर में वह छाल तहसील में ही बैठने लगा। धीरे-धीरे वह गुरुजी न रहकर छाल तहसील का बाबू ही बन गया। इस दौरान राजस्व का काम-काज भी करने लगा। छाल तहसील का बाबू तुलाराम पटेल के मूल रुप से सहायक शिक्षक एलबी होने का खुलासा तब हुआ जब शुक्रवार को एसीबी ने उसे 60 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। लालच ने गुरुजी जैसे सम्मानित पद को कलंकित तो किया ही है, अब वह जेल की सलाखों में रहेगा।

### प्राइमरी स्कूल कुम्हीचुंवा के सहायक शिक्षक तुलाराम पटेल को किया गया था प्राइमरी स्कूल पुसल्दा में अटैच



### गुरुजी बन गया राजस्व का जानकार

जानकारी मिली है कि शुक्रवार को एसीबी ने छाल तहसील के जिस बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है उसका मूलपद तो गुरुजी है, लेकिन राजस्व विभाग का पूरा काम आता है। राजस्व विभाग का कोई भी ऐसा काम नहीं है जो गुरुजी नहीं जानते ह। इसी का फायदा उठाकर वह लोगों से रुपए की मांग करता था। अब पकड़ में आ गया तो पहुंच गया जेल।


VENUS PARK
Come home to peace.
A HAVEN YOU'LL
CHERISH
EVERY
SINGLE DAY!
RESTAURANT
(3 MIN)
HOSPITAL
(5 MIN.)
SCHOOL
(2 MIN.)
BANK
(2 MIN.)
MARKET
(5 MIN.)
@VIDHANSABHA
ROAD, RAIPUR
• PREMIUM DEVELOPED PLOTS
• CUSTOMIZED BUNGALOWS • LIFESTYLE-ENHANCING AMENITIES
A Complete Lifestyle Experience
GRAND ENTRANCE GATE
24X7 SECURITY
CLUB HOUSE & LIFESTYLE AMENITIES
BEAUTIFUL TEMPLE
CHILDREN'S PLAY AREA
GREEN ATMOSPHERE
LANDSCAPING & WATER BODIES AT THE ENTRANCE GATE
CONCRETE ROADS WITH FOOTPATH
UNDERGROUND ELECTRICITY & SEWAGE
SEWAGE TREATMENT PLANT
DESIGNER STREET LIGHTS
ECO-FRIENDLY WATER HARVESTING SYSTEM
REGISTERED SOCIETY & SEPARATE SOCIETY OFFICE
CLUB VENUS
SWIMMING POOL & KIDS' POOL
GYMNASIUM
TEMPLE
OUTDOOR GAMES - BADMINTON COURT, MULTIPURPOSE COURT - FOR CRICKET, BASKETBALL, ETC.
ORA MAKERS
Own your real asset.
99939 08222 | 99939 07333
venuspark.ora@gmail.com
venusparkraipur
Behind Brighton International School,
Vidhansabha Road, Nardaha, Raipur
RERA NO. PCGRERA200125001871
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN

## खबर संक्षेप

### जूटमिल क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र में लगातार मिल रही झगड़ा और मारपीट की शिकायतों के बाद पुलिस ने गुरुवार शाम व्यापक फ्लैग मार्च और पैदल पेट्रोलिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर काशीराम चौक, गढ़उमरिया, जूटमिल मार्केट और आसपास के संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल ने देर रात तक गश्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी और नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा भी शामिल रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिनव कांत सिंह के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस और 6वीं बटालियन के जवानों ने क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों और व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

### अवैध शराब पर कार्रवाई 34 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** तमनार एवं चौकी खरसिया पुलिस ने अलग.अलग कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों के पास से कुल 34 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 28 मई को तमनार पुलिस ने ग्राम उत्तर रेगांव निवासी बसंत सिदार के घर में छापेमार कार्यवाही की। इस दौरान बाड़ी में अवैध महुआ शराब बिक्री बरामद किया गया। जांच के दौरान आरोपी बसंत सिदार पिता खगेश्वर सिदार 35 वर्ष निवासी उत्तर रेगांव के कब्जे से कुल 15 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34,2, 59, क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं दूसरी कार्रवाई खरसिया चौकी पुलिस ने की। पुलिस ने 2 अलग-अलग कार्यवाहियों में 19 लीटर महुआ शराब जब्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### अवैध अहाता निर्माण कर शराब व गांजे की बिक्री

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के मालीडीपा में कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा अवैध रूप से अहाता का निर्माण किया गया है, जिसमें वे अवैध रूप से शराब और गांजा की ब्रिकी करते हैं। इस आहता में सुबह से लेकर रात कर कई लोगों का आना जाना लगा रहता है और गाली गलौज करने के साथ ही कई बार मारपीट भी एक दूसरे के साथ की जाती है। इन गतिविधियों से मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। मालीडीपा के लोगों ने इसकी शिकायत चक्रधर नगर थाने में की हे। बताया जा रहा है कि राजकिशोर यादव उर्फ राजू बिहारी पिता जोगेन्द्र यादव इस अवैध अहाते का संचालन करता है। जिसमें कई लोग सुबह से शाम तक आते हैं और शराब का सेवन करते हैं। इसी अहाते से गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री की जाती है। कई बार राजकिशोर को मोहल्लेवासियों ने समझाने का प्रयास किया और नहीं मानने पर उसकी इस गतिविधियों का विरोध भी किया।

### खरीफ सीजन में उर्वरक की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

**रायगढ़।** आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में निर्धारित मूल्य पर रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। वैश्विक परिस्थितियों और उर्वरकों की मांग को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने जिले में उर्वरकों की कालाबाजारीए जमाखोरी, अवैध भंडारण तथा अनियमित विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से विकासखंडवार विशेष उड़नदस्ता दल फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन किया है। किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित उड़नदस्ता दल में कार्यपालिक दण्डाधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा उर्वरक निरीक्षक शामिल रहेंगे। ये दल जिले के विभिन्न विकासखंडों में नियमित और औचक निरीक्षण कर उर्वरकों के भंडारणए वितरण और विक्रय व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

## पत्थर से सिर कुचलकर की हत्या, वारदात से गांव में सनसनी

# पति ने भाई व नाबालिग के साथ मिलकर पत्नी के प्रेमी को उतारा मौत के घाट, बंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव




थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी खारापारा में प्रेम प्रसंग का विवाद खूनी वारदात में बदल गया। लंबे समय से चल रहे अवैध संबंध और सामाजिक विवाद के बीच एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पति ने अपने भाई और एक नाबालिग के साथ मिलकर पत्नी के प्रेमी को पहले जमीन पर पटक-पटक कर पीटा, फिर पत्थर से सिर कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान 34 वर्षीय सुशील खलखो निवासी ग्राम जुनवानी के रूप में हुई है।

■ महिला ने सामाजिक बैठक में प्रेमी के साथ रहने की जताई थी इच्छा

पुलिस के अनुसार मृतक सुशील खलखो और आरोपी जयलाल एक्का की पत्नी के बीच पिछले तीन से चार वर्षों से प्रेम संबंध था। इसी संबंध को लेकर पहले भी विवाद हो चुका था। महिला ने सुशील के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद उसे जेल जाना पड़ा था। करीब डेढ़ महीने पहले वह जमानत पर बाहर आया था। ग्रामीणों के मुताबिक जेल से लौटने के बाद भी दोनों के बीच बातचीत और मुलाकात जारी रही। इसकी जानकारी आरोपी और उसके परिजनों को लगी तो गांव में सामाजिक बैठक बुलाई गई। बैठक में महिला ने पति के साथ रहने से इनकार करते हुए सुशील खलखो के साथ रहने की इच्छा जताई। इसके बाद सामाजिक सहमति से महिला को सुशील के साथ रहने भेज दिया गया था। बताया जा रहा है कि तभी से आरोपी जयलाल अंदर ही अंदर आक्रोश में था।

### रात में रास्ता रोककर किया हमला

पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना की रात जयलाल एक्का उम्र 34 वर्ष, भाई जयमन एक्का उम्र 36 वर्ष और एक 17 वर्षीय नाबालिग सुशील की तलाश में घूम रहे थे। जैसे ही सुशील गांव में मिला, तीनों ने उसे घेर लिया। पहले जमकर मारपीट की। घटना 27 मई की रात करीब 11 बजे की है। गांव में अचानक चीख-पुकार और हल्ला होने पर लोग घरों से बाहर निकले। इसी दौरान तीनों आरोपी मिलकर सुशील खलखो की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। आरोपियों ने उसे जमीन पर पटक दिया और फिर पास में पड़े भारी पत्थर से उसके सिर पर कई वार किए। गंभीर चोट लगने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने कुछ ही घंटों में पकड़े

हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच तेज की। ग्रामीणों से पूछताछ और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। नाबालिग आरोपी को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है, जबकि अन्य दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**सूचना मिलते ही पुलिस हुई सक्रिय:** सूचना मिलते ही पत्थलगांव थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर युवक खून से लथपथ पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### अनसुलझे मामले

एक तरफ पुलिस इस हत्या का खुलासा कर अपना पीठ थपथपा रही है, वहीं दूसरी ओर पत्थलगांव क्षेत्र के हत्या के पुराने मामलों की गुत्थी आज तक नहीं सुलझ पाई है। पाकर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड को 6 महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। इस मामले में पुलिस आज तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इसी तरह शांति यादव हत्याकांड भी रहस्य बना हुआ है। केराकछार निवासी 70 वर्षीय शांति यादव की 9 मार्च 2026 को हत्या की गई थी। पुलिस आज तक इस मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।

### आगे की जांच जारी

प्रथम दृष्टया हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश सामने आई है। मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

**-डॉ. लाल उमेद सिंह,**
डीआईजी एवं एसएसपी, जशपुर

# खारीबहार में 17 टन अवैध उर्वरक जब्त



**जशपुरनगर।** किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर रोहित व्यास एवं उप संचालक कृषि एमआर भगत के मार्गदर्शन में कृषि विभाग पत्थलगांव एवं फरसाबहार की संयुक्त टीम ने विकासखंड फरसाबहार के ग्राम पंचायत खारीबहार में बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित उर्वरक का भंडाफोड़ किया है।

■ डीएपी के नाम पर हो रही थी ठगी, कृषि विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान एक मकान में भारी मात्रा में उर्वरक का अवैध भंडारण पाया गया। जांच में कुल 342 बोरी लगभग 17.1 टन भूमि शक्ति (ऑर्गेनिक ग्रेन्युलर) उर्वरक बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त उर्वरक को किसानों के बीच डीएपी खाद के नाम पर बेचा जा रहा था, जिससे किसानों को भ्रमित कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने की आशंका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पत्थलगांव श्री राकेश पैंकरा द्वारा मौके पर पहुंचकर संपूर्ण उर्वरक भंडारण को सील कर दिया गया। साथ ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए जब्ती प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई हेतु कार्यालय उप संचालक कृषि, जशपुर को प्रेषित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि विभाग ने बताया कि किसानों को केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक एवं कृषि आदान क्रय करना चाहिए तथा खरीद के समय पक्की रसीद अवश्य प्राप्त करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल कृषि विभाग को देने की अपील भी की गई है। इस छापामार कार्रवाई में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री नन्दे भगत, उर्वरक निरीक्षक श्री देवकांत अजगल्ले, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री किशन कुशवाहा एवं श्री मुकेश सिंह सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जशपुर के खिलाड़ियों का नेशनल चैंपियनशिप में जलवा

**जशपुरनगर।** खेलों की दुनिया से छत्तीसगढ़ के जिले के लिए एक बहुत ही गौरवशाली और बड़ी खबर सामने आई है। गोवा के प्रसिद्ध डुलर फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 10वीं स्पोर्ट्स टूरिज्म इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप में जशपुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया है।

मुख्य फुटबॉल कोच किशोर प्रकाश तिर्की के मार्गदर्शन में उतरी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 और सीनियर दोनों ही कैटेगरी में नेशनल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। इस ऑल इंडिया टूर्नामेंट का आयोजन 18 मई से 20 मई 2026 तक किया गया था, जिसमें देश भर से कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट और फुटबॉल की टीमों ने अंडर-14, अंडर- 17, अंडर-19 और सीनियर कैटेगरी में हिस्सा लिया। सीनियर टीम ने फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु जैसी हैवीवेट टीम को करारी शिकस्त देकर खिताबी जीत हासिल की। इस महामुकाबले में जशपुर के स्टार खिलाड़ी माइकेल और अमन केरकेट्टा ने तमिलनाडु के खिलाफ एक के बाद एक शानदार गोल दागकर इतिहास रच दिया।



### अंडर-19 टीम की ऐतिहासिक जीत

वहीं दूसरी तरफ, फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 टीम का सामना मध्य प्रदेश से हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को 01-00 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया।

### गांव से नेशनल तक का सफर

इस बड़ी जीत के बाद टीम के कोच और खिलाड़ियों ने अपने संघर्ष को याद किया। उन्होंने बताया कि एक छोटे से गांव से निकलकर, जिला स्तर और फिर स्टेट से होते हुए नेशनल चैंपियनशिप तक का यह सफर बेहद कठिन और चुनौतियों से भरा रहा। बिना किसी बड़े आधुनिक संसाधनों के, खिलाड़ियों ने केवल अपने दमखम, लगन और कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

### इन्होंने दिखाया दम

पूरे टूर्नामेंट में जशपुर के जांबाज खिलाड़ियों अमन केरकेट्टा, वासु, राकेश, राजू (गोलकीपर), रोशन तिर्की, ऋषिकांत वर्मा, संतोष (कैप्टन), सोनू, अश्विन राम, प्रतीक, अनुप टोप्पो, माइकेल, अनुराग, हिमांशु, साहिल और किशोर प्रकाश तिर्की (कोच) ने मैदान पर गजब का तालमेल और बेहतरीन खेल दिखाया, जिसके दम पर टीम ने यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### चुन कर तैयार करते हैं कोच

ग्रामीण स्तर के स्किल्ड प्लेयर्स को कोच चुन-चुन कर तैयार करते हैं और उन्हें जिला, स्टेट टूर्नामेंट से लेकर नेशनल लेवल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों की मेहनत और कोच की सही रणनीति ने जशपुर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है।

# लोन दिलाने के नाम पर शिक्षिका समेत 10 लोगों से 3 करोड़ रुपए की ठगी

**अंबिकापुर।** लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर शिक्षिका समेत 10 लोगों से 3 करोड़ रूपए से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। आरोपी ने लोगों के नाम पर अलग अलग बैंकों से लोन लिया और रूपए लेकर फरार हो गया। आरोपी ने दूसरों के नाम पर लिए गए लोन से अपने क्रेशर प्लांट का संचालन किया।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरगवां निवासी दिव्या एक्का पति पंकज लकड़ा राजपुर में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। महिला जुलाई 2024 में जमीन खरीदकर घर बनवाने के लिए 15 लाख रूपए का लोन लेने के बारे में सोंच रही थी। शिक्षिका ने इसकी जानकारी अपने जीजा को बताई थी जिसके बाद जीजा ने एक व्यक्ति के बारे में बताया जो लोन दिलाने का काम करता है। इसके बाद बरियों के चंगोरी निवासी शिवशंकर दास महिला के घर आया और खुद को अनशिवआर्या फाउंडेशन ग्रुप कंपनी का संचालक बताया। आरोपी ने महिला को बताया कि वह कंपनी के माध्यम से लोगों को लोन दिलाने में मदद करता है। आरोपी ने महिला को अपने झांसे में लेने के लिए कई लोगों की फाइल दिखाई। आरोपी ने शिक्षिका को बताया कि वर्तमान में कंपनी में एक सच्ची स्कीम चल रही है जसके तहत कंपनी जो लोन महिला को दिलाएगी उसका 60 प्रतिशत कंपनी में जमा करना पड़ेगा और 40 प्रतिशत आवेदन करने वाले को मिलेगा लेकिन लोन का पूरा किशत कंपनी हर महीने चुकाएगी। महिला को झांसे में लेकर आरोपी ने वाट्सएप के माध्यम से महिला का पैन कार्ड, आधार कार्ड, फॉर्म नंबर 16, सैलरी स्लिप, बैंक स्टेटमेण्ट व अन्य आवश्यक दस्तावेज ले लिया। महिला का कहना है कि उसने सिर्फ बैंक ऑफ इण्डिया के फार्म ही साईन करने गई थी लेकिन आरोपी ने मनमाने ढंग से आईसीआईसीआई बैंक से 15 लाख, बैंक ऑफ इण्डिया से 13.40 लाख, एचडीएफसी बैंक से 12.68 लाख समेत कुल 41.08 लाख रूपए का लोन निकाल कर महिला के खाते में ट्रांसफर करा दिया। बाद में आरोपी ने दबाव डालकर व झांसे में लेकर अलग अलग खातों में 28 लाख रूपए वापस ले लिया। इस ठगी की शिकायत महिला ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस घटना की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने शिवशंकर दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि वह क्रेसर प्लांट का संचालन करता है और क्रेसर प्लांट में नुकसान के कारण पैसों की आवश्यकता थी। इस लिए उसने महिला दिव्या एक्का को अनशिवआर्या फाउण्डेशन ग्रुप के माध्यम से झांसे में लेकर 41.08 लाख रूपए का लोन स्वीकृत कराया और कुल 28 लाख रूपए ले लिए।

# कोकिया खार शिविर में मिले 403 आवेदन

**पत्थलगांव।** सुशासन तिहार के तहत कलस्टर कोकिया खार में 15 ग्राम पंचायतों के बीच शिविर लगाया गया। शिविर में 403 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें पेंशन के 30 आवेदन, दिव्यांग पेंशन में लक्ष्मी बाई अमित भगत के आवेदन स्वीकृत किए गए।

राशन कार्ड 25 आवेदन नाम जोड़ा गया एवं नये राशन कार्ड स्थल में पात्रता जांच कर राशन कार्ड बनाकर दिया गया। आवास को 3 माह में बनाने पर प्रशंसा पत्र दिया गया। शिविर में आधार कार्ड 12, ड्राइविंग लाईट लाइसेंस 8, महिला बाल विकास द्वारा 7 की गोद भराई, 4 अन्न प्रासन किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 38 लोगों को फलदार वृक्ष लीची, आम के पौधों का वितरण किया गया। 11 लोगो को कृषि विभाग द्वारा किसान कार्ड एवं शिक्षा विमाग से 9 उल्लास प्रमाण पत्र दिया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय, सुरुचि पैकरा, जनपद अध्यक्ष मति धनिहारो परहा बीडीसी संतोषी भारद्वाज, बाल श्याम चौहान, कलम विश्वकर्मा, मुन्नी अग्रवाल मती साय क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनपद पंचायत के सीईओ केके श्रीवास ग्रामीण विकास अधिकारी धनेश टेंगवार एवं जनपद पंचायत के समस्त स्टाफ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




# सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों का किया गया सम्मान

**पत्थलगांव।** विकासखंड में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को समय पर पेंशन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिन्हा के निर्देश पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से पूर्व ही पीपीओ (पेंशन अदायगी आदेश) उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में 29 मई को सेवानिवृत्त हुए विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय के दो प्रधान पाठकों, शासकीय प्राथमिक विद्यालय हिरवापारा के विजय कुमार तिग्गा तथा शासकीय प्राथमिक शाला छोटकीपारा तिलडेगा के श्री आनन्द कुमार चौहान को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि के दिन ही पेंशन अदायगी आदेश पीपीओ एवं आवश्यक दस्तावेज सौंपे गए।

कार्यक्रम के दौरान कार्यालय स्टॉफ की उपस्थिति में दोनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ एवं आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए जाने की इस व्यवस्था से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।



## सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से करें पालन

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिले में संचालित निजी विद्यालयों के संचालकों की बैठक लेकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था, नशा मुक्ति अभियान तथा विद्यालयों में आवश्यक सुरक्षा मानकों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री व्यास ने सभी विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अनिवार्य रूप से रोड सेफ्टी क्लब का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ नियमों के पालन के प्रति जागरूक करें। इसके लिए उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी करने को कहा। उन्होंने सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण, निबंध, पेंटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं एक्सपोजर विजिट आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्कूल संचालकों से कहा कि विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा जिन छात्रों के पास वाहन चलाने का लाइसेंस है, वे अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने पालकों को भी शिक्षक-पालक बैठक के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस अथवा बिना हेलमेट के विद्यालय आते पाया जाता है, तो संबंधित स्कूल एवं पालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



### 500 मीटर क्षेत्र नो-ड्रग जोन घोषित

कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों की बाउंड्रीवाल से 100 मीटर की परिधि में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके अलावा 500 मीटर के दायरे को नो-ड्रग जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नशीली गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्कूल संचालकों से ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने को कहा। साथ ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए।

### जर्जर भवनों में स्कूल संचालन नहीं करने के निर्देश

कलेक्टर श्री व्यास ने उन निजी विद्यालय संचालकों को जिनका बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा है, अपने शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जीर्ण-शीर्ण अथवा जर्जर भवनों में विद्यालय संचालन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री अरविंद भगत, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री धर्मेंद्र साहू सहित जिले के निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 2 प्रकरणों में कलेक्टर द्वारा कुल 8 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू के अनुसार तहसील तपकरा के ग्राम बांसाझाल निवासी जेवियर बड़ा की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पुत्र विक्रम बड़ा को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार तहसील कांसाबेल अंतर्गत ग्राम पोंगरो निवासी लक्ष्मणी पैंकरा की आकाशीय बिजली से मृत्यु हो जाने पर उनके पति दिलेश्वर साय को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है।

### टेम्पू में आज लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत मनोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेम्पू में 30 मई 2026 को शिविर लगेगी। इस शिविर में 13 गांव सुरजूला, रजला, खुटापानी, घाघरा, करदना, टेम्पू, मुटू, पोड़ीपटकोना, चड़िया, सोगड़ा, मनोरा, खोगा एवं डुमरटोली के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई सरिया में विभिन्न ट्रेड में प्रवेश प्रारंभ

**सरिया।** शासकीय आईटीआई सरिया के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2026-2028 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 29 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में विभागीय पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आईटीआई सरिया में संचालित एनसीवीटी पाठ्यक्रम हेतु विघुताकार, कोपा, फिल्टर एवं एससीवीटी में वेल्डर पाठ्यक्रम संचालित की जाएगी।

### सेवा, सुशासन को समर्पित भाजपा की जिला कार्यशाला

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवाए सुशासन एवं गरीब कल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज भारतीय जनता पार्टी, जिला रायगढ़ के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला भाजपा जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर की उपस्थिति एवं जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान प्रभारी द्वारा बताया गया कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के दिन पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को जन.आंदोलन बनाने का संकल्प लिया गयाण हर मंडलए हर बूथ स्तर पर पर पौधरोपण कर उसे संरक्षित करने का दायित्व कार्यकर्ता को दिया जाएगा। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन प्रत्येक नागरिक तक योग और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश पहुंचाने का निर्णय लिया गया। जिला से लेकर बूथ स्तर तक योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं को सफल क्रियान्वयन के टिप्स दिए। उन्होंने कहा मोदी सरकार के 12 वर्ष गरीब कल्याण के स्वर्णिम वर्ष हैं।

### कांग्रेस के लुटे खजाने को भर रहे वित्त मंत्री

**रायगढ़।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के वित्तीय प्रबंधन को छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प बताया। डॉ. सिंह ने कहा कांग्रेस सरकार ने 5 साल में राजस्व संसाधनों का दुरुपयोग कर खजाना खाली कर दिया था। शराबए कोयलाए रेत कृ हर जगह कमीशनखोरी थी। ओपी चौधरी ने आते ही वित्तीय अनुशासन का ष्सर्जिकल स्ट्राइकष् किया। नतीजा प्रदेश की जनता के सामने है। पटरी पर लौट रही अर्थव्यवस्था के संबंध में डॉ. रमन ने गिनाए बड़े बदलाव के संबंध में कहा राजस्व में रिकॉर्ड तेजी से उछाल टैक्स संग्रहण के ईमानदार प्रयासों का नतीजा है। खनिज और आबकारी में टैक्स चोरी रोककर 2024-25 में राजस्व संग्रहण 15 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा। कांग्रेस राज में जो खनिज से अवैध वसूली होती थीए वो अब सीधे खजाने में आ रही है। कर्ज का बोझ कम करने का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कांग्रेस सरकार 1 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज छोड़ गई थी। ओपी चौधरी ने गैर.जरूरी खर्च काटकर राजकोशीय घाटा 3 प्रतिशत के दायरे में रखा।

## तीन लाख में लगाया गया था शेड, लेकिन आंधी ने उड़ा दिया

# आंधी-बारिश में उड़ गया शेड, सामुदायिक भवन में सचालित हो रहा सुलौनी प्राइमरी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम सुलौनी में शासकीय प्राथमिक शाला पिछले कई सालों से स्थापित है, लेकिन भवन जर्जर होने की वजह से स्कूल वहां के एक सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। पिछले साल आंधी-तूफान में स्कूल की टीन शेड उड़ गई थी। तब से नन्हे बच्चे बिना छत की स्कूल में पढ़ने को मजबूर थे। अब गांव के सामुदायिक भवन में कक्षाएं लग रही हैं।

जानकारी के मुताबिक ग्राम सुलौनी में प्राथमिक शाला स्थापना के बाद वहां नवीन शाला भवन का निर्माण किया गया था। लगभग 15 वर्ष तक यहां स्कूल संचालित रहा लेकिन छत जर्जर होने के कारण उसे तोड़ दिया गया। भूपेश सरकार के कार्यकाल में स्कूल जतन योजना के तहत 3 लाख की स्वीकृति दिलाकर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कार्य एजेंसी में पूरे स्कूल की छत को टीन से आच्छादित किया गया और वहां स्कूल संचालित रहा। लेकिन पिछले साल आंधी-तूफान और बारिश में उक्त टीन शेड उड़कर बाहर गिर गई जिससे पूरा स्कूल बिना छत के रह गया। तब से गांव के एक सामुदायिक भवन में स्कूल संचालित है। ग्रामीणों की मानें तो नवीन स्कूल भवन बनाये जाने हेतु इन्होंने शासन के समक्ष कई बार आवेदन लगा चुके हैं। बताया जा रहा है कि अतिरिक्त कक्षष के नाम से कुछ राशि स्वीकृत हुई है जिसमें स्कूल के नाम से कुछ कमरे बनने वाले हैं, लेकिन पूरा नया भवन कब बनेगा इसकी कोई समय.सीमा नहीं है।

### खुलने वाली है स्कूल, बरसात भी सिर पर

ज्ञात हो कि ग्राम सुलौनी ग्राम पंचायत छींच का आश्रित ग्राम है। सुलौनी ग्राम के नन्हे छात्रों के समक्ष भवन का अभाव है। बरसात सिर पर है और सामुदायिक भवन में भी शादी- विवाह, दशगात्र जैसे कार्यक्रम होते रहते हैं जिससे पढ़ाई बाधित होती है। स्कूल जतन योजना का उद्देश्य ही जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार था। 3 लाख खर्च के बाद भी अगर एक साल में छत उड़ जाए तो निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजमी है।

### झेरिया समाज का संभाग स्तरीय शपथ ग्रहण कल

**बिलाईगढ़।** झेरिया धोबी बरेठ समाज बिलासपुर संभाग द्वारा आगामी 31 मई को सारंगढ़ की में शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़ में यह आयोजन त्रिपुर भैरवी सुंदरी माँ काली और माँ समलेश्वरी की छत्रछाया में संपन्न होगा। प्रशासनिक और सामाजिक हस्तियों का लगेगा जमावड़ा इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें प्रमुख हैं। पद्मिनी भोई साहू जिला कलेक्टर, पद्मश्री पंडित रामलाल बरेठ प्रख्यात कलाकार, प्रफुल्ल रजक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तुलसी कौशिक मुख्यमंत्री के निज सहायक, रजनी रजक राष्ट्रपति नारी सम्मान प्राप्त भिलाई, श्यामबंधु बरेठ पूर्व अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई विभाग, केपी कर्ष, पूर्व जिला कृषि एवं विपणन अधिकारी, प्रतिभाओं का होगा सम्मान कार्यक्रम के दौरान कुलदेवी माँ नेवता धोबिन दाई और राष्ट्रसंत गाडगे महाराज का आशीर्वाद लेते हुए बिलासपुर संभाग के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई जाएगी।

### पंडित संकल्प कृष्ण शास्त्री की सुमधुर वाणी से रसपान कर रहे श्रद्धालु



**खरसिया।** सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाले पावन पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर खरसिया क्षेत्र पूरी तरह से भक्ति के रंग में सराबोर हो उठा है। यहां के प्रसिद्ध श्री मेहंदीपुर बालाजी श्री गीता मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 27 मई से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक उत्सव आगामी 2 जून तक चलेगा। कथा के प्रथम दिन से ही प्रख्यात कथा व्यास पंडित संकल्प कृष्ण शास्त्री जी की सुमधुर वाणी से श्रीमद्भागवत कथा की अमृतधारा बह रही है। उनके मुखारविंद से फूट रहे भजनों और कथा प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भाव.विभोर हो रहे हैं। श्री मेहंदीपुर बालाजी श्री गीता मंदिर प्रांगण, खरसिया में 27 मई से 2 जून तक सनातन धर्म में अत्यंत फलदायी माने जाने वाले पुरुषोत्तम मास में इस कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास के साथ कुशल संगीतकारों की टोली द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो रहे हैं। इस संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूरे खरसिया क्षेत्र का वातावरण अत्यंत पवित्र और भक्तिमय हो गया है। पंडित संकल्प कृष्ण शास्त्री जी ने कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में भगवान हरि की कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और जीवन में सुख.समृद्धि का वास होता है।

# महानदी में अवैध खनन रोकने में प्रशासन फेल, दिन रात चल रही है रेत की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया




सरिया तहसील क्षेत्र के महानदी में इन दिनों रेत का अवैध खनन हो रहा है। रात दिन चल रही रेत तस्करी को प्रशासन रोक पाने में फेल है। जागरूक नागरिकों ने इसकी शिकायत खनिज विभाग सारंगढ़ से की है। खनिज विभाग को दिए गए ज्ञापन में नागरिकों ने कहा है की सरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम नदी गांवए पोरथ एवं सांकरा में धड़ल्ले से मशीनों के द्वारा अवैध रेत खनन हो रहा है और प्रशासन बेखबर है। क्षेत्र की जीवनदायनी महानदी इन दिनों रेत माफिया की शिकंजे में है। महानदी में 24 घंटे रेत का दोहन कर रहे हैं। जहां पर रेत माफिया गुंडागर्दी के दम पर अवैध खनन को संचालित कर रहे हैं। मानसून के पहले इन तीनों ग्रामों में अवैध उत्खनन रोजाना 300 से ज्यादा ट्रैक्टरों के माध्यम से किया जा रहा है और जगह.जगह डम्प किया जा रहा हैं। ताकि बरसात के समय ऊंचे दामों में बेचा जा सकें ।शासन के आदेश अनुसार वर्षा काल के समय रेत खनन 10 जून से 15 अक्टूबर तक रोक लगता है।

इसलिए रेत माफिया भारत सरकार, पर्यावरण मंत्रालय एवं खनिज विभाग के नियमों को दरकिनार करते हुए अंधाधुन रेत का अवैध उत्खनन कर रहें हैं। सरिया क्षेत्र के महानदी में रेत का दोहन हो रहा है। इसको लेकर जागरूक ग्रामीणों ने लगातार विरोध कर रहे हैं तथा शुक्रवार को कलेक्टर खनिज शाखा में ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। जागरूक नागरिक नितिन कुमार पाणिग्राही द्वारा खनिज विभाग को दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि अवैध रेत खनन सिंडिकेट पर त्वरित कार्रवाई की जाए ।उन्होंने कहा कि ग्राम सांकरा, नदी गांव और पोरथ में सांकरा निवासी अनिल मिश्रा के द्वारा जेसीबी एवं ट्रैक्टरों के द्वारा महानदी से प्रतिदिन लगभग 300 से ज्यादा ट्रैक्टर ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन कर रहा है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि बड़े पैमाने पर उपरोक्त ग्रामों में भंडारण किया जा रहा है। तथा बिना किसी शासकीय टेंडर के आमजन से रॉयल्टी प्रति ट्राली 300 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। खनिज विभाग को दिए गए ज्ञापन में नितिन कुमार पाणिग्राही ने आगे लिखा है कि स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब कोई व्यक्ति रेत खनन स्थल पहुंचकर सवाल उठाने का कोशिश करता है तब एक बड़े भाजपा नेता का नाम लेकर दबाव बनाने व बचने का प्रयास किया जाता है।

बिना अनुमति से बड़े पैमाने पर रेत का निकासी हो रहा है। लगातार जेसीबी मशीनों से महानदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है। और जल स्तर प्रभावित हो रहा है। नितिन कुमार पाणिग्राही ने खनिज विभाग से मांग किया है कि रेत खदानों व भंडारण की जांच कर शासकीय नियम अनुसार दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर नगर पंचायत किरोड़ीमल में जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के परिपालन हेतु नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की जिसमें किरोड़ीमल नगर रायगढ़ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 6174/2023 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के परिपालन हेतु समय. समय पर जारी कड़े निर्देशों एवं पारित आदेशों के पालन में नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यशाला में नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न आदेशों 19.02.2026, 29.04.2026 एवं 05.05.2026 के तहत प्रसारित निर्देशों के बारे में अत्यंत विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही नियमों के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पारित निर्देशों की प्रति कॉपी भी उपलब्ध कराई गई। सीएमओ ने बताया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने में वार्ड पार्षदों और स्थानीय निकायों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विस्तार से स्वछता के बारे में समझाया जन प्रतिनिधियों द्वारा वार्डों की सफाई के संबंध में समस्या बताया गया, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर द्वारा सभी कार्य पूर्ण और सतत निगरानी रखने का आस्वासन दिया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के अध्यक्ष हरिकिशोर चंद्रा ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्रीमती रुकसाना इकबाल सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहेए जिनमें मुख्य रूप से हेमलाल विश्वकर्मा कमलेश यादव, अजय राय, अमरनाथ सिंह, सुरेश कुमार साहू, कृष्णा कुमार चंद्रा, सुदामा चौहान श्रीमती अनुपी सिदार व अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## जिले में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे पीडब्ल्यूडी सचिव



### विभागीय अधिकारियों की ली बैठक, सड़क और भवन निर्माण की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल जिले में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कुछ कार्यों का जहां मौके पर जाकर जांच किया। वहीं अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौराल जिले सहित उसके साथ आई अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही। रायगढ़ में केलो नदी पर निर्माणाधीन कयाघाट ब्रिज और मरीन ड्राइव का निरीक्षण किया।

उन्होंने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा विभागीय अधिकारियों से दोनों कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्यों में तेजी लाते हुए इन दोनों महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को समय.सीमा में पूरा करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने रायगढ़ सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे सड़क और भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की पूर्ण उपयोगिता और टिकाऊपन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। श्री बंसल ने रायगढ़ जिले में लोक निर्माण विभाग के सभी उप संभागों में प्रगतिरत सड़कों और पुलों की समीक्षा के बाद नवीन भवनों के कार्यों की समीक्षा की।

### इन कार्यों को जल्द प्रारंभ करने का दिया निर्देश

उन्होंने ट्रांजिट हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन, प्रयास आवासीय स्कूल भवन, कामकाजी महिला छात्रावास और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की कार्य योजनाओं की जानकारी लेकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने को कहा।कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी, बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता आरके रात्रे और जीएस मंडावी, अधीक्षण अभियंता केपी संत, एनके लाल और जेपी तिग्गा सहित कार्यपालन अभियंता एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

## पंचम पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए पूर्व मंत्री डॉ.शक्राजीत नायक



**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता, पूर्व सिंचाई मंत्री चार बार विधायक एवं जनसेवा की राजनीति के प्रतीक रहे स्वर्गीय डॉ. शक्राजीत नायक की पंचम पुण्यतिथि पर बरमकेला स्थित डॉ. शक्राजीत नायक चौक श्रद्धा, सम्मान और स्मृतियों का केंद्र बना रहा। सुबह से ही चौक में लोगों का आना शुरू हो गया था और देर शाम तक श्रद्धांजलि देने वालों का सिलसिला चलता रहा। कार्यक्रम में अंचल भर से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों ने डॉ. नायक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बेहद सादगी लेकिन भावनात्मक वातावरण में किया गया। चौक परिसर को सजाया गया था तथा श्रद्धांजलि मंच पर स्वर्गीय डॉ. शक्राजीत नायक के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी जानकी नायक, पुत्र एवं पूर्व विधायक प्रकाश नायक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, वर्तमान जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि स्थायी समिति सभापति डॉ. अभिलाषा कैलाश नायक सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा। परिवारजनों ने श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही कार्यक्रम में बरमकेला सहित रायगढ़, सारंगढ़, पुसौर, खरसिया, चंद्रपुर, लैलूंगा, शक्ति और सरायपाली क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

## बैंकिंग, बचत और निवेश का दिया गया प्रशिक्षण

# जेल के बंदियों ने जाना वित्तीय प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला जेल रायगढ़ में आज लीड बैंक कार्यालय की ओर से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 200 कैदियों ने भाग लिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कैदियों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना उन्हें जिम्मेदार आर्थिक व्यवहार के प्रति जागरूक करना तथा रिहाई के बाद समाज में सफल पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना था। अधिकारियों के अनुसार, वित्तीय साक्षरता कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ पुनरावृत्ति दोबारा अपराध को कम करने में भी अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में यह भी रेखांकित किया गया कि यदि व्यक्ति को पैसे के सही प्रबंधन की समझ हो तो वह जेल से बाहर आने के बाद अपने जीवन को अधिक स्थिर और व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ा सकता है। शिविर में अग्रणी बैंक प्रबंधक कमल किशोर सिंह ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि कैसे सही बजट बनाकर आय और व्यय के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा बचत की आदत विकसित करने, चक्रवृद्धि ब्याज के दीर्घकालिक लाभ और निवेश के विविध विकल्पों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को यह बताया गया कि अलग-अलग परिसंपत्ति वर्गों में निवेश करने से जोखिम को कम किया जा सकता है और वित्तीय सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सकता है। विशेष रूप से यह भी समझाया गया कि छोटी-छोटी नियमित बचतें भविष्य में बड़ी पूंजी का रूप ले सकती हैंए यदि उन्हें सही दिशा में निवेश किया जाए। कार्यक्रम में कैदियों को जिम्मेदारी से ऋण लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त